C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सायं 6:22 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शनिवार
सुबह 5:55 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी वर्ष 16 अंक 81 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. शुक्रवार, 13 सितम्बर 2024

सोनाक्षी ने पकाया सत्तू का पराठा...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### घर से स्कूल जाने की बात कह गई किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

**रुद्रपुर।** थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र से एक किशोरी के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर किशोरी की गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। ट्रांजिट कैंप क्षेत्र शिमला बहादुर निवासी एक युवक ने पुलिस को बताया कि वह मूल निवासी -ग्राम रामठेरा थाना धामपुर , जिला बिजनौर उत्तर प्रदेश का रहने वाला है । 12 सितंबर 24 को समय लगभग सुबह 07.30 बजे उसकी छोटी बहन घर से स्कूल के लिये जाने की बात कह गई। युवक के मुताबिक वह देर रात तक घर नहीं पहुंची। सभी सम्भावित जगह खोजबीन की गई। बहन का पता नही चल रहा है। बहन की उम्र लगभग 16 वर्ष बताई जा रही है। पुलिस ने लापता किशोरी की गुमशुदगी दर्ज कर ली है। पुलिस किशोरी की तलाश कर रही है। सीसीटीवी कैमरे भी खंगाल रही है। फिलहाल किशोरी का पता नहीं चला है।

### हल्द्वानी में घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी

**हल्द्वानी।** वाहन चोरों का आतंक दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है वाहन चोर किसी न किसी के वाहन पर हाथ साफ करते नजर आ रहे हैं जहां पुलिस नगर को अपराध मुक्त कह रही है वहीं नगर में अपराध और अपराधी किसी न किसी वारदात को अंजाम देकर पुलिस को चुनौती देते नजर आ रहे हैं वाहन चोरों ने घर के बाहर खड़ी बाइक चुरा ली। पीड़ित ने बनभूलपुरा थाना पुलिस को अज्ञात वाहन चोरों के खिलाफ तहरीर सौंप कर बाइक बरामदगी की गुहार लगाई है। रामपुर रोड गली नंबर चार निवासी करनजीत सिंह पुत्र सत्येंद्र सिंह ने कोतवाली में अपनी मोटरसाइकिल चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। उसने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उसकी बाइक संख्या यू के 0 4 एक्स 3566 10 सितंबर को घर के बाहर खड़ी थी। अगले दिन की प्रात: घर से बाहर आया तो उसकी बाइक गायब थी। उसने बाइक की ढूंढ खोज की लेकिन बाइक का सुराग नहीं लगा।

## सीएम धामी बोले-अब किसी में पत्थरबाजी करने की हिम्मत नहीं

**देहरादून**

**हमारे संवाददाता**



सीएम धामी जम्मू-कश्मीर विस चुनाव में भाजपा प्रत्याशी सलाथिया के पक्ष में प्रचार करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शहजादे कश्मीर में आ पा रहे हैं तो इसका श्रेय पीएम मोदी को दें। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में प्रचार के दौरान कहा अनुच्छेद 370 समाप्त होने के बाद अब किसी में पत्थरबाजी करने की हिम्मत नहीं है। कांग्रेस के शहजादे कश्मीर में आ पा रहे हैं तो इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को है, जिन्होंने अनुच्छेद 370 हटाकर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की एक देश, एक विधान और एक निशान की कल्पना को साकार किया। जम्मू-कश्मीर की सांबा विधानसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी सुरजीत सिंह सलाथिया के पक्ष में हुई जनसभा में धामी ने कहा, भाजपा सरकार में जम्मू-कश्मीर के अंदर मिनिमम टेररिज्म और मैक्सिमम टूरिज्म हो गया है। उन्होंने वीरों की भूमि सांबा को नमन करते हुए कहा, जनता के आशीर्वाद से निश्चित ही भाजपा प्रत्याशी सलाथिया भारी बहुमत से विजय होंगे।

कहा, यह चुनाव जम्मू-कश्मीर प्रदेश को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाने का चुनाव है। उन्होंने जनता से एक अक्तूबर को कमल के फूल पर वोट देकर पूरे प्रदेश में डबल इंजन की सरकार बनाने का आग्रह किया। सीएम ने कहा, पहले कश्मीर में 10 प्रतिशत मतदान होता था, लेकिन लोकसभा चुनाव 2024 में यह बढ़कर 58 प्रतिशत हो गया। पीएम मोदी के नेतृत्व में जम्मू-कश्मीर में विकास की नई राह खुली है। शिक्षा, स्वास्थ्य, कनेक्टिविटी, इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने की दिशा में अनेक कार्य हो रहे है। आज घाटी में आईआईटी, आईआईएम संग कई कॉलेज खुले हैं। 25,000 करोड़ की लागत से कई हाइड्रो प्रोजेक्ट पर कार्य गतिमान है। अब युवाओं के हाथ में हथियार नहीं हुनर है।

कहा, 2019 से बाद से 30 हजार युवाओं को रोजगार मिल चुका है और 70 हजार करोड़ का विदेशी निवेश बढ़ा है। कहा, यह नया जम्मू कश्मीर है, जिसका हमें लंबे समय से इंतजार रहा है।

हल्द्वानी गौला बैराज से छोड़ा पानी

## जिले में भारी बारिश से तीन दर्जन से अधिक सड़कें बंद

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

कुमाऊं भर में बीते 24 घंटे से बारिश का क्रम जारी है। नैनीताल जिले में बारिश से चार स्टेट हाइवे समेत 39 सड़कें बंद हो गई हैं। जिले में बीते 24 घंटे में हल्द्वानी में सबसे अधिक 165.0 एमएम बारिश रिकार्ड की गई है। जनपद आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से शुक्रवार की सुबह जारी की गई सूचना के अनुसार जिले में खुटानी-भवाली-धानाचूली, तल्ली सेठी- बेतालघाट-रामनगर, भुजान- बेतालघाट, सिमलखा- सकदीना, नथुवाखान-हरतोला, तल्लीपाली- मल्लीपाली, रामनगर -भंडारपानी, गर्जिया-बेतालघाट, पांडेगांव-रानीकोटा, कांडा-डोमास फफडिया, फतेहपुर-बेल मोटर मार्ग, कोटाबाग-देवीपुरा, ओखलकांडा -तल्ला कनाला समेत तीन दर्जन से अधिक मार्ग बंद हो गये हैं। बीते 24 घंटे से भी अधिक समय से हो रही बारिश के कारण शहर में जगह-जगह जलभराव हो गया है। सड़कों में पानी



बहने से वाहन चालकों के साथ ही राहगीरों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा।

**शेर नाला उफनाया:** पहाड़ों में लगातार हो रही बारिश से नदी-नाले उफान पर हैं। शुक्रवार को हल्द्वानी-सितारगंज स्टेट हाइवे में शेर नाले के उफनाने से यातायात रोकना पड़ा। इस दौरान पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके पर पहुंच लोगों को सावधानी बरतने के निर्देश दिए। इस बीच वाहन चालकों को काफी देर तक इंतजार करना पड़ा।

**गौला बैराज से छोड़ा पानी:** पहाड़ों में लगातार हो रही बारिश का असर अब मैदानी क्षेत्रों में दिखाई देने लगा है। शुक्रवार को गौला बैराज से करीब 44 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया।

## नोएडा के पर्यटकों का वाहन मैगी प्वाइंट के पास खाई में गिरा, छह लोग थे सवार, दो की मौत

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

मसूरी मैगी प्वाइंट के पास एक हादसा हो गया, जिसमें दो लोगों की जान चली गई। वाहन में सवार सभी लोग नोएडा से मसूरी घूमने आए थे। देहरादून मसूरी मार्ग पर मैगी प्वाइंट के पास शुक्रवार सुबह एक बड़ा हादसा हो गया। नोएडा से मसूरी घूमने आए पर्यटकों का वाहन अनियंत्रित होकर खाई में गिर गया। इस हादसे में दो पर्यटकों की जान चली गई। वाहन में छह पर्यटक सवार थे। शहर कोतवाल अरविंद कुमार चौधरी ने दो लोगों की मौत की पुष्टि की। सुबह 112 से सूचना प्राप्त हुई कि मसूरी के निकट एक वाहन दुर्घटनाग्रस्त होकर खाई में गिर गया है।

सूचना पर पोस्ट सहस्त्रधारा के प्रभारी एएसआई विजेंद्र कुड़ियाल के नेतृत्व में तत्काल एसडीआरएफ टीम घटनास्थल के लिए रवाना हुई। उक्त दुर्घटनाग्रस्त वाहन में कुल छह लोग सवार थे। इनमें से तीन व्यक्ति स्वयं वाहन से बाहर निकलकर सुरक्षित सड़क तक आ गए थे। इन्हें मामूली चोटें आई थीं, लेकिन बाकी तीन व्यक्ति दुर्घटनाग्रस्त वाहन में ही फंसे हुए थे। तीन की हालत नाजुक बताई जा रही थी, जिनमें से दो ने दम तोड़ दिया।

एसडीआरएफ रेस्क्यू टीम द्वारा जिला पुलिस व फायर सर्विस के साथ त्वरित कार्रवाई करते हुए खाई में उतरकर एक घायल व्यक्ति को बाहर निकाला गया। दो शवों को मुख्य मार्ग तक पहुंचाकर जिला पुलिस के सुपर्द किया गया।

**मृतक**- अनिल कुमार पुत्र बालेराम निवासी सेक्टर 134 , नोएडा, जिला गौतम बुध नगर उत्तर प्रदेश ( 32) वाहन चालक - अजय पुत्र छत्रपाल निवासी चोला चौकी बुलंदशहर उत्तर प्रदेश उम्र -31 वर्ष (मृतक)

**घायल** - गुल्लू पुत्र बालेराम निवासी उपरोक्त (29) राजू पुत्र रविंद्र निवासी नगली बजितपुर , सेक्टर 135 नोएडा उत्तर प्रदेश (30) मोनू पुत्र चरण सिंह निवासी ढकोली थाना बीवी नगर बुलंदशहर उत्तर प्रदेश (28) - सुभाष पुत्र संजय निवासी सेक्टर 134 नगली थाना एक्सप्रेस नोएडा जिला गौतम बुद्ध नगर (27)

## चार दुकानदारों से सामान लेकर आनलाइन पेमेंट करने के नाम पर हजारों की धोखाधड़ी

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

बीते दिनों शहर में एक ही दिन में चार दुकानों से सामान लेकर दुकानदारों के साथ ऑन लाईन पेमेंट करने के नाम पर हजारों रूपयें की धोखाधड़ी करने वाले अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। मै.अरोरा कन्फैक्शनरी के स्वामी अनिल अरोरा ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 6 सितंबर को उनकी फर्म दुकान पर अज्ञात व्यकित सामान लेने आया और सामान का भुगतान फर्जी एप के जरिए भुगतान का विवरण दिखाया। जिससे स्पष्ट हो रहा था कि उक्त व्यक्ति ने 6500 रूपये का भुगतान कर दिया गया। कार्य में व्यस्त होने के कारण अपना बैंक डिटेल चेक नहीं कर पायें। बाद में पता चला कि भुगतान उनके खाते में जमा नहीं हुआ है। उन्होंने सीसीटीवी कैमरे चैक किये तो उस व्यक्ति का चेहरा दिखाई दिया और इसी व्यक्ति ने अलग अलग समय पर सामान का भुगतान फर्जी एप के द्वारा किया गया। बताया कि उस व्यक्ति द्वारा ही शहर के और फर्मों पर भी अलग-अलग समय पर समान को क्रय कर फर्जी एप से भुगतान किया गया है। जिनमें मै. महेन्द्र किराना स्टोर, गोल मार्केट के स्वामी मनदीप सिंह नागपाल से नौ हजार रूपये,राजू किराना स्टोर काशीपुर रोड़, ग्राम महेशपुर के स्वामी राजीव कुमार बठला से पांच हजार, दी केक एण्ड वेक्स स्थित घास मंडी आदर्श कालोनी के स्वामी प्रवीन कुमार अनेजा से 7,800 रूपये की धोखाधडी की गई। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज की मदद से उस तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।

### ट्रंचिंग ग्राउंड से हो रहे प्रदूषण की शिकायत एनजीटी से की

**हल्द्वानी।** समाजसेवियों ने एनजीटी को शिकायती पत्र भेज हल्द्वानी गौलापार में बनाये गये ट्रंचिंग ग्राउंड से हो रहे प्रदूषण से अवगत कराया है। समाजसेवी हेमंत गोनिया, दिनेश सिंह, अमित राणा, प्रेमा राणा, रूपा अधिकारी, सुरेंद्र बिष्ट, अमित रस्तोगी, हरि चंद्र जोशी, संतोष बल्यूटिया, मयंक शर्मा, अजच गुप्ता, दीपक जीना ने डाक से भेजे शिकायती पत्र में कहा है कि गौलापार में नगर निगम का कूड़ाघर है, यहां सालों से कूड़ा एकत्र किया जा रहा है। हल्द्वानी के साथ ही यहां नैनीताल, भीमताल आदि निकायों का भी कूड़ा डंप किया जाता है। इस ट्रंचिंग ग्राउंड में अक्सर आग लगती है। लोगों का दुर्गंध से जीना मुहाल हो रहा है। कूड़ा रिसाइकिल प्लांट न लगने से स्थिति खराब हो रही है। प्रदूषण लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने इस मामले का ठोस हल निकालने की मांग की है।

## सड़क हादसे में घायल वृद्ध की उपचार के दौरान मौत

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

सड़क हादसे में घायल एक वृद्ध की उपचार के दौरान मौत हो गई अस्पताल प्रशासन ने इसकी सूचना पुलिस को दी पुलिस ने इसका पंचनामा भर पोस्टमार्टम करा कर उसकी शव को परिजनों को सौंप दिया है। गांधीनगर निवासी 73 वर्षीय मोहम्मद उमर पुत्र मोहम्मद रफीक 3 दिन पूर्व एसडीएम कोर्ट के समीप पैदल-पैदल अपने घर की ओर आ रहे थे तभी किसी कार उन्हें टक्कर मार दी टक्कर इतनी जबरदस्ती की वह गंभीर रूप से घायल हो गया है यह उपचार के लिए निजी चिकित्सालय ले जाया गया उनकी हालत को गंभीर देखते हुए घायल को ऋषिकेश एम्स चिकित्सालय भेजा गया। जहां चिकित्सकों ने देखकर घायल की हालत को गंभीर बताई और उसे सुशीला तिवारी चिकित्सालय के लिए




रेफर कर दिया यहां घायल की उपचार के दौरान मौत हो गई अस्पताल प्रशासन ने इसकी सूचना पुलिस को दी पुलिस ने शिव को कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम करा कर उसके परिजनों को सौंप दिया है इस घटना से परिजनों में कोहराम मचा है कोतवाल उमेश मलिक का कहना है कि तहरी आने पर कार चालक के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## समापन: कांग्रेस की केदारनाथ प्रतिष्ठा रक्षा यात्रा धाम पहुंची

**देहरादून।** कांग्रेस की केदारनाथ प्रतिष्ठा रक्षा यात्रा धाम पहुंची। यहां पूजा-अर्चना और जलाभिषेक के साथ यात्रा का समापन हुआ। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि हमारे मठ-मंदिरों को भाजपा साजिश के तहत अन्यत्र शिफ्ट करना चाहती है, जिसे कांग्रेस पार्टी द्वारा बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने 12 सितंबर को दूसरे चरण की केदारनाथ प्रतिष्ठा रक्षा यात्रा शुरू की थी। कांग्रेस की केदारनाथ प्रतिष्ठा रक्षा पदयात्रा के बहाने इस बीच दिग्गज नेताओं के बीच नजदीकियां भी बढ़ी। केदारनाथ प्रतिष्ठा यात्रा को आपदा के चलते स्थगित करना पड़ा था, जिसके बाद कांग्रेस ने दूसरे चरण में यात्रा फिर शुरू की।

# 122वें नंदा देवी महोत्सव में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नगर की प्रतिष्ठित धार्मिक संस्था श्री राम सेवेक सभा के तत्वावधान में चल रहे आठ दिवसीय 122वें श्री नंदा देवी महोत्सव के तहत विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। दूसरी ओर नगर में भारी बारिश की वजह से आयोजक संस्था समेत भक्तजनों को फजीहत उठानी पड़ी।

श्री रामसेवक सभा द्वारा आयोजित उत्तराखंड की सांस्कृतिक विरासत श्री नन्द महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। तल्लीताल तथा मल्लीताल सभा भवन में सांस्कृतिक कार्यक्रम किए गए, जिसमें स्नेहा रावत तथा हिमानी सतवाल ने पहाड़ी नृत्य,कुमाऊं सांस्कृतिक समिति खुर्पातास की वंदना एने मुंस यारी नृत्य मोतिया बल्दा, मेरा गांव पाना तथा तेरे नथुली प्रस्तुत किया। इसी क्रम में जगदीश कांडपाल तथा ठाकुर प्रसाद लोक गायक के गीतों ने धूम मचाई। सांस्कृतिक कार्य क्रम के लिए डॉ. मोहित सनवाल ,मिथिलेश पांडे तथा अमर साह व सुरेश बिनवाल,सतीश पांडे व नासिर अली का विशेष सहयोग रहा। सीधा प्रसारण कार्यक्रम में परंपरा संस्था के निदेशक बृज मोहन जोशी ने लोक गीत पर प्रकाश डाला जबकि रोखड़ गांव के दीपक सिंह जीना जिनके वहां से कदली का वृक्ष लाया गया ने भी विचार रखे । मोनाल सेल्फ हेल्प ग्रुप ने जीरो वेस्ट तथा पर्यावरण सुरक्षा सहित एवम वेस्ट से गिफ्ट बनाने एनेचुरल कलर पर बातचीत को । नायला खान तथा प्रेमलता व नेहा ,प्रेरणा नाहिद तथा कविता ने महिला पोषण पर राष्ट्रीय स्वस्थ मिशन पर डॉक्टर दीप्ति धामी तथा निर्मला व अमृता एगीता ने जानकारी दी । त्रिवेणी समूह से गीता साह ,हेमा नेगी तथा गीता बावड़ी व भावना रावत ने लोक संस्कृति पर बात की जबकि पारस,विनोद जोशी,वंश तथा रक्षित ने मां को समर्पित भजन प्रस्तुत किए, वहीं नैनीताल के सफ ाई सुरक्षा मेरा कूड़ा मेरी जिम्मेदारी तथा ड्रग पर ईओ पूजा चंद्रा समेत मनोज साह जगाती,अरविंद सिंह पडियार व दिनेश कटियार चर्चा की । प्रदीप पांडेय ने मसरूम पर चर्चा की । संचालन हेमंत बिष्ट,प्रो. ललित तिवारी,डॉक्टर कपिल जोशी,मीनाक्षी कीर्ति तथा ईशा साह व नवीन पांडे नए किया । शाम को पंच आरती से पहले लोक कलाकर बज मोहन जोशी तथा मुकुल जोशी तथा कैलाश जोशी व पारस ने भक्ति पूर्ण भजन मंदिर परिसर में किया ।हवन के बाद हजारों लोगों भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। श्री नंदा महोत्सव में विश्व शांति के लिए हवन किया गया दुर्गा सप्तशती के पाठ के बाद हवन आहुति दी । पंडित भगवती प्रसाद जोशी द्वारा पूजा कराई गई तथा सभिंके निरोगी रहने की प्राथना की गई । हवन में नारायण सिंह, देव कुंवर, तथा भगवान सिंह, धीरेंद्र सिंह देव,चंचल सिंह, देवेंद्र सिंह जीना तथा गोविंद सिंह जीना, गौरव सिंह भाकुनी,सौरव सिंह बिष्ट व सुंदर सिंह यजमान रहे ।पांच आरती में विधायक सरिता आर्य तथा प्रशासक के एन गोस्वामी तथा डॉक्टर कपिल जोशी शामिल हुए।




## भारी बारिश व आंधी के चलते टूटा गेट, मचा हड़कंप

**नैनीताल।** नैनीताल में भारी बारिश व आंधी के चलते नंदा देवी महोत्सव में लगा गेट टूटने से हडकंप मच गया। गनीमत रही कि कोई भी गेट की चपेट में नहीं आया। विभाग की ओर से टूटे गेट को हटाकर दूसरा गेट लगाने का कार्य किया जा रहा है। बृहस्पतिवार दोपहर बारिश व आंधी में नंदा देवी महोत्सव का मुख्य गेट गिर गया है। गनीमत रही की इस दौरान कोई दुकानदार व राहगीर गेट की चपेट में नहीं आए। गेट का एक हिस्सा पास में बनी दुकानों तक भी पहुंच गया। गेट गिरने के दौरान वहां मौजूद दुकानदारों में भगदड़ मच गई। इधर डीएसए मैदान में भंडारे के लिए लगाया गया टेंट भी तेज हवा में उड़ गया। जिससे बारिश का पानी भीतर आने से भंडारा भी प्रभावित रहा। इधर गेट के ध्वस्त होने पर लोग कार्य की गुणवत्ता पर सवाल खड़े कर रहे हैं। हैं। लोगों का कहना है कि गेट में सड़े हुए बांस लगाए गए हैं। गुणवत्ता बेहतर नहीं होने के कारण कोई बड़ा हादसा भी हो सकता था वहीं सूचना के बाद मौके पर पहुंचकर पालिका व लोनिवि के अधिकारियों ने क्षेत्र का निरीक्षण किया। पालिका प्रशासक एसडीएम केएन गोस्वामी ने बताया कि तेज आंधी के कारण मेले में लगा मुख्य गेट टूट गया है। टेंडर की शर्तों के अनुरूप ठेकेदार की ओर से दूसरा लोहे का गेट लगाया जाएगा। ताकि मौसम खराब होने में गेट गिरे। बताया कि पालिका लोनिवि के साथ मिलकर एक स्थाई गेट बनाने पर विचार कर रहा है।



# गणेश महोत्सव के छठवें दिन सुख-समृद्धि की कामना की

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

रामलीला मैदान में चल रहे गणेश महोत्सव के छठवें दिन प्रात:काल की पूजा-अर्चना में मुख्य यजमान रामकिशोर अग्रवाल, देवेन्द्र गुप्ता, किशनलाल गुप्ता द्वारा गणपति जी को भोग अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना की गयी। सायंकाल सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंर्तगत ललित किशोर पाण्डे द्वारा प्रवचन दिये गये ।इसके पश्चात श्री कृष्ण संगीतमय भजन संध्या ब्रज रस रसिक पारस माधवी लाड़ला, श्री धाम वृन्दावन के मधुर स्वरों के साथ प्रारम्भ हुयी। उनके द्वारा तेरी दया से चल रहा है परिवार सांवरे, तथा जहाँ रहमत बरसती है उसे बरसाना कहते हैं ।जैसे भजनों को सुनकर श्रोता मंत्र मुग्ध होकर बरसात को भूलकर झूम झूम कर नाचते-गाते रहे ।भजनों की एक से एक बढ़कर सुन्दर प्रस्तुतियां दी गयीं ।तत्पश्चात आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। भजन संध्या के दौरान रामबाबू जायसवाल, अशोक वार्ष्णेय, तनुज गुप्ता, राजेन्द्र अग्रवाल मुन्ना, बद्रीप्रसाद गुप्ता, सुशील कुमार अग्रवाल पप्पी, विन्देश गुप्ता, विनय लाहोटी, भोलानाथ केसरवानी, अतुल जायसवाल, गोपालपालराकेश गर्ग, हीरालाल साहू, दिनेश गुप्ता, देवेश अग्रवाल, सागर गुप्ता, अरविन्द जायसवाल, विनीत अग्रवाल, अनीश अग्रवाल, अमित गुप्ता, ,सुभाष गुप्ता, सविता लाहौटी नीरज शारदा मौजूद रहे।

# लोक गाथा पर आधारित नृत्य नाटिका रमौल का भव्य मंचन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

देवभूमि उत्तराखंड की अल्मोड़ा जिले की प्रमुख सांस्कृतिक संस्था मकसद की ओर से गुरुवार को नेशनल स्कूल आफ ड्रामा, संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से उत्तराखंड की लोक गाथा पर आधारित नृत्य नाटिका रमौल का भव्य मंचन किया।

बता दें कि नृत्य नाटिका का निर्देशन संस्था की सचिव हेमा बिष्ट तथा संगीत निर्देशन भुवन चन्द्र जोशी नृत्य निर्देशक किशन लाल रहे। नृत्य नाटिका का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक रामनगर दिवान सिंह बिष्ट तथा इंदर रावत ने किया। मकसद संस्था के सलाहकार मदन सिंह बिष्ट, अध्यक्ष मनोहर सिंह एवं सचिव हेमा बिष्ट तथा उपाध्यक्ष तरूण पाण्डेय ने अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ एवं प्रतीक चिन्ह और अंगवस्त्र भेंट कर किया। उत्तराखण्ड की लोकगाथा पर रमौल के माध्यम से गंगू रमौल और उनके पुत्र सिधुवा विधुवा पर आधारित नाटक रमौल नृत्य नाटिका मकसद संस्था उत्तराखण्ड के रंगमण्डल के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किया गया ।उत्तराखंड की रमौल लोकगाथा से बुराई की अच्छाई पर जीत को दर्शाता है। नृत्य नाटिका में कलाकारों ने अपनी कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया तथा सुन्दर वाद्य यत्रों की ध्वनि से नृत्य नाटिका में चार चॉद लगा दिया। नगर पालिका आडिटोरियम रामनगर में आयोजित नृत्य नाटिका में सूत्रधार/खीब बूबू प्रभात नेगी, गंगू रमौल मानव जोशी, मांगी रमौल/ लाल परी कमला पाण्डे, सिधुवा शिखर बिष्ट, विधुवा गौरव जोशी, कालू वजीर ध्रुव टम्टा, गोरखनाथ/पनुवा प्रेम बोरा, पीली परी/विमला ज्योति उप्रेती, गंगा नेगी, स्वेत परी, ललिता साह, कालू वजीर सैनिक/ग्रामीण रोहित जोशी, किशन लाल, कालू वजीर सैनिक 2 प्रदीप आर्या, गुरू गोरखनाथ शिष्य एवं ग्रामीण कृपाल दत्त ध्यानी, ललित बिष्ट, महेश आर्या, गुरू गोरखनाथ शिष्य 2 एवं ग्रामीण योगेश बसनाल, सासुवी नाग एवं ग्रामीण हर्षिता पाठक, दाई जॉनकी जोशी तथा ग्रामीण पलक, कोमल, सिधुवा का बेटा कनिष्क जोशी द्वारा की गयी। संगीत मुख्य गायक अमित बुधौडी, चंदन मेहरा, मुख्य गायिका ज्योति रावत, हेमा बिष्ट, ढोलक वादक सौरभ जोशी तथा हुडका सुनील कुमार, थाली महेश आर्या एवं सुरेन्द्र प्रसाद, बॉसुरी वादक भवानी शंकर काण्डपाल ने निभायी कार्यक्रम का समापन मकसद संस्था के सलाहकार मदन सिंह बिष्ट द्वारा किया गया।

## NEWS / फटाफट

### राजकीय राजस्व वाहन चालक संघ के चुनाव में सभी पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित





**नैनीताल।** राजकीय राजस्व वाहन चालक संघ का 8वां द्विवार्षिक अधिवेशन कलेक्ट्रेट संघ भवन में चुनाव आयोजित किया गया।
इस दौरान प्रांतीय कार्यकारी अध्यक्ष रमेश लाल ने बताया कि चुनाव में राजकीय वाहन चालक महासंघ नैनीताल के जिलाध्यक्ष गोपाल सिंह अधिकारी, मिनिस्ट्रियल संगठन के जिलाध्यक्ष कमल उपाध्याय,चतुर्थ श्रेणी संगठन के जिलाध्यक्ष पान सिंह अधिकारी के देख रेख में चुनाव संपन्न कराये गए। जिसमें सभी पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित घोषित किये गए। अधिवेशन में जनपद के राजस्व विभाग के वाहन चालको द्वारा बढ़-चढ़ कर भाग लिया गया। जिसमें जिलाध्यक्ष भगवत सिंह बोरा, उपाध्यक्ष संजय कुमार,जिलामंत्री नासिर हुसैन,कोषाध्यक्ष पान सिंह फर्त्याल,ऑडिटर पूर्णानन्द भट्ट, प्रचार मंत्री प्रथम जनार्दन खोलिया,प्रचार मंत्री द्वितीय उमेशा चन्द्र कुडाई, सलाहकार खड़क सिंह अधिकारी,संरक्षक गोपाल सिंह अधिकारी को बनाए गए।

### हल्द्वानी इलेक्ट्रिकल एसोसिएशन के शिविर में हुआ 50 यूनिट रक्तदान



**हल्द्वानी।** हल्द्वानी इलेक्ट्रिकल एसोसिएशन की ओर से नवाबी रोड स्थित बैंकट हॉल में शुक्रवार को रक्तदान शिविर लगाया गया। बारिश के बावजूद शिविर में एसोसिएशन से जुड़े व्यापारियों व उनके परिजनों ने रक्तदान किया। इस बीच 50 यूनिट रक्त डोनेट किया गया। शिविर हल्द्वानी सिटी ब्लड सेंटर के प्रबंधक योगेश मेहता व उनकी टीम की देखरेख में लगाया गया था। इस मौके पर एसोसिएशन के अध्यक्ष नेत्र बल्लभ जोशी, महामंत्री गोविंद भाकुनी, पूर्व अध्यक्ष मदन फर्त्याल, अशोक अग्रवाल, शिविर संयोजक हरीश रजवार, दीपक बिष्ट आदि मौजूद थे।

# हड़कंप: जल संस्थान पंप हाउस में क्लोरीन गैस रिसाव लोगों की हालत बिगड़ी

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नगर के सूखाताल जल संस्थान पंप हाउस में गुरुवार को रखे सिलेंडर से क्लोरीन गैस लीक होने से क्षेत्र में हडकंप मच गया। गैस के संपर्क में आने से कई लोगों की तबीयत बिगड़ गई है जिनको बीडी पांडे अस्पताल में भर्ती कर दिया गया है। वहीं सूचना के बाद शाम से देर रात तक जिला प्रशाासन, पुलिस, एसडीआरएफ तथा एनडीआरएफ व दमकल व स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई है। जानकारी के अनुसार सूखाताल क्षेत्र में जल संस्थान के पंप हाउस में दिन से ही गैस लीकेज होने की बात लोग कह रहे थे। शाम को गैस ज्यादा लीक होने पर क्षेत्र में गैस की दुर्गंध फैलने से क्षेत्र में हंडकंप मच गया। सूचना के बाद एसडीएम प्रमोद कुमार के नेतृत्व में प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। वहीं पुलिस, एसडीआरएफ तथा एनडीआरएफ व दमकल व स्वास्थ्य विभाग की टीम भी मौके पर पहुंच गई। इस दौरान क्षेत्र में गैस के संपर्क में आए लोगों की तबीयत बिगड़ी तो छह लोगों को एंबूलेंस से बीडी पांडे अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उनका उपचार चल रहा है। अभियंता रमेश गर्ब्याल ने तत्काल अग्निशमन व पुलिस विभाग को सूचित किया। पुलिस व अग्निशमन कर्मियों ने पहुंच किसी तरह पास में रह रहे लोगों को वहां से हटवाया। अग्निशमन अधिकारी किशोर उपाध्याय ने बताया कि क्लोरीन गैस को बेकिंग सोडा के साथ रासायनिक क्रिया कर निस्तारित किया जाता है। क्षेत्र में गहरा गड्डा कर करीब एक कुंतल के गैस सिलिंडर को डिस्पोज किया गया। वहीं जल संस्थान अधिशासी अभियंता रमेश गर्ब्याल ने बताया कि सिलेंडर के लीक होने से कोई खतरा नहीं है। समय पर आस.पास रहने वाले लोगों को वहां से हटवा दिया था। पानी को फिल्टर करने के लिए पंप हाउस में सिलिंडर रखा गया था। जिसके लीक होने के कारण का पता नहीं लग पाया है

उपजिलाधिकारी प्रमोद कुमार ने कहा कि शाम चार बजे क्षेत्र में गैस लीक होने की सूचना मिली थी। क्षेत्र में पहुंचते ही पंप के आसपास का सौ मीटर क्षेत्र से घरों को खाली कराया गया है। लगभग सौ लोगों को सुरक्षित स्थान पर भेज दिया गया है।

संयुक्त मजिस्ट्रेट वरूणा अग्रवाल ने कहा कि क्षेत्र में स्थिति सामान्य है। जिस सिलेंडर से क्लोरीन गैस लीक हो रही है उसको जमीन में गड्ढा कर बंद करने की तैयारी की जा रही है। क्षेत्र में किसी भी व्यक्ति की तबीयत खराब होने पर उनको अस्पताल भेजा जा रहा है।

सूखाताल में गैस रिसाव की वजह से रोहित, संजीव, देव सागर, आशा राय, दीपा देवी, कमलेश सिंह, मंजू खरायत के अलावा घटना की कवरेज करने गए दो पत्रकार अफजल हुसैन फौजी और गुड्डू सिंह ठठोला भी गैस की चपेट में आए। जिनका बीडी पांडे जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है देर शाम उन्हें स्वस्थ्य होने के बाद अस्पताल से छुटी दे दी गयी।

घटना की सूचना प्राप्त होते ही संसद अजय भट्ट ने जिलाधिकारी से वार्ता कर स्थिति की जानकारी ली जिला प्रशासन और चिकित्सा प्रबंधन की व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया साथ ही समस्त पंप हाउस पर स्थापित क्लोरीन गैस सिलेंडर की जांच करने के निर्देश दिए हैं।





**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
–संपादक

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# अभिमत

## किसकी मित्र है पुलिस?

*प्रशासन व पुलिस की लचर व्यवस्था के कारण अतिक्रमण ध्वस्त करने के दौरान हिंसक भीड़ ने एसडीएम, नगर निगम कर्मचारियों और महिला पुलिस कर्मचारियों पर हमला कर दिया। दर्जनों महिला पुलिस कर्मचारी समेत दो सौ से अधिक लोग घायल हो गये। पुलिस थाना फूंक दिया गया। मीडिया कर्मचारियों, पुलिस व अन्य सरकारी विभागों के वाहन फूंक दिये। इतना अधिक नुकसान होने के बाद भी गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ पुलिस तीन महीने में आरोप-पत्र दाखिल नहीं कर पाई और 50 आरोपियों को जमानत मिल गई। सवाल यह उठता है कि जब पुलिस अपने ही कर्मचारियों पर हमला करने वालों के खिलाफ लापरवाह है तो आम आदमी के प्रति कितनी गंभीर होगी?*

उत्तराखंड में शासन और प्रशासन व्यवस्था का भगवान मालिक है। हाईकोर्ट ने पुलिस की लापरवाही पर सख्त टिप्पणी करते हुए 50 आरोपियों को जमानत दे दी। हल्द्वानी के बनभूलपुरा में अतिक्रमण हटाने के दौरान हिंसा से पूरे देश में देवभूमि की बदनामी हुई। देश के विभिन्न राज्यों में साम्प्रदायिक दंगे होते रहते हैं, परन्तु उत्तराखंड को कानून व्यवस्था की दृष्टि से शांत पर्वतीय राज्य माना जाता है। प्रशासन व पुलिस की लचर व्यवस्था के कारण अतिक्रमण ध्वस्त करने के दौरान हिंसक भीड़ ने एसडीएम, नगर निगम कर्मचारियों और महिला पुलिस कर्मचारियों पर हमला कर दिया। दर्जनों महिला पुलिस कर्मचारी समेत दो सौ से अधिक लोग घायल हो गये। पुलिस थाना फूंक दिया गया। मीडिया कर्मचारियों, पुलिस व अन्य सरकारी विभागों के वाहन फूंक दिये। इतना अधिक नुकसान होने के बाद भी गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ पुलिस तीन महीने में आरोप-पत्र दाखिल नहीं कर पाई और 50 आरोपियों को जमानत मिल गई। सवाल यह उठता है कि जब पुलिस अपने ही कर्मचारियों पर हमला करने वालों के खिलाफ लापरवाह है तो आम आदमी के प्रति कितनी गंभीर होगी? अतिक्रमण हटाने से पहले हिंसक भीड़ ने पुलिस पर हमले की तैयारी कर रखी थी, अपराधियों की तैयारी का सुराग लगाने में खुफिया तंत्र विफल रहा। प्रशासन, नगर निगम, पुलिस और अन्य सरकारी विभागों के बीच सामंजस्य तथा रणनीति का अभाव रहा, इसी लिए आगजनी, पथराव से स्थिति बेकाबू हो गई। प्रशासन को कर्फ्यू लागू करना पड़ा। पुलिस ने गिरफ्तारियां तो कीं, लेकिन आरोप-पत्र दाखिल नहीं करने से आरोपी सलाखों के बाहर आ गये। अलग उत्तराखंड राज्य बनने के बाद प्रदेश की पुलिस को जनता का हितैषी बताते हुए 'मित्र पुलिस' कहकर सम्मान दिया गया। अब तो यह पुलिस अपराधियों की मित्र साबित हो रही है। उत्तराखंड की सरकार और प्रशासनिक अधिकारी उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भी प्रेरणा नहीं ले रहे हैं। यदि उत्तर प्रदेश में हिंसा के आरोपी गिरफ्तार किये जाते तो उनके घर बुलडोजर से ध्वस्त कर दिये जाते। आरोप-पत्र जल्द से जल्द तैयार करके न्यायालय में दाखिल कर आरोपियों को जेल से बाहर नहीं आने दिया जाता। मुख्य आरोपी जेल में ही अंतिम सांस लेता। हिंसा में सरकारी, सार्वजनिक व निजी सम्पत्ति के नुकसान की भरपाई आरोपियों से करने का दावा किया गया था, लेकिन एक पैसे की भी वसूली नहीं की गई है। हिंसा के दौरान तैनात अधिकारियों का तबादला होता जा रहा है। इस बात से इन्कार नहीं किया जा सकता कि नये नौकरशाह मामला रफा-दफा करके अपराधियों के मित्र की भूमिका निभायेंगे।

# कुमाऊं विवि में दो दिवसीय गूज समारोह आयोजित





**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर में गुरुवार को दो दिवसीय गूज समारोह की शुरुआत हुई। समारोह के पहले दिन परिसर के छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। समारोह का मुख्य आकर्षण उत्तराखंड की प्रमुख लोक कलाकार श्वेता मेहरा व उनकी टीम रही। श्वेता मेहरा के नृत्य में पूरा परिसर झूम उठा। इससे पूर्व समारोह का शुभारंभ कुमाऊँ विवि के कुलपति प्रो.दीवान सिंह रावत व परिसर के गुरुजनों ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर छात्रों ने गणेश वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम का संचालन पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष अभिषेक मेहरा, प्रशांत मेहरा, दीपक बिनवाल, सौम्या सेन तथा परुल पाल सिंह ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों में विधायक सरिता आर्या समेत विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, कुलपति कुमाऊँ विवि प्रो. डी एस रावत, प्रो. अतुल जोशी, प्रो. नीता बोरा शर्मा जबकि विशिष्ट अतिथि दया किशन पोखरिया, मनोज जोशी,अखिलेश सेमवाल आदि रहे। सभी मुख्य और विशिष्ट अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया।

समारोह में परिसर के 28 समूहों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये, इसके साथ ही गौरा देवी छात्रावास की छात्राओं ने महिला हिंसा के खिलाफ नाटक प्रस्तुत किया। निर्णायक मंडल में कनिका व नीलम रहे। कार्यक्रम की स्टार प्रोग्रामर स्वेता मेहरा व टीम रही। स्वेता मेहरा के डांस में पूरा परिसर झूम उठा। कार्यक्रम के दौरान छात्र संघ अध्यक्ष अध्यक्ष उत्कर्ष बिष्ट की मांग पर विधायक सरिता आर्या ने विधायक निधि से पुस्तकालय के लिये एक लाख रुपए की घोषणा की। इस दौरान छात्रसंघ अध्यक्ष उत्कर्ष बिष्ट, छात्र महासंघ सचिव भवेश सिंह सौटियाल, सचिव हिमांशु मेहरा, उपाध्यक्ष प्रखर श्रीवास्तव, पूर्ण छात्र संघ अध्यक्ष पंकज भट्ट तथा अभिषेक मेहरा आदि मौजूद रहे।

## श्री राम सेवक सभा की पहल से नन्दा देवी महोत्सव में भोजन व्यवस्था का लिया जिम्मा



**नैनीताल।** नन्दा देवी महोत्सव के दौरान तीन दिनों से हो रही बरसात को देखते हुए आयोजक संस्था श्री राम सेवक सभा की सकारात्मक पहल है। इस वर्ष नन्दा देवी महोत्सव के दौरान विगत दो दिनों से लगातार हो रही बरसात से प्रभावित श्रद्धालुओं एवं मेला व्यापारियों की समस्या को देखते हुए आयोजक संस्था श्री राम सेवक सभा ने सकारात्मक पहल की है। रामसेवक सभा के अध्यक्ष मनोज साह ने बताया की संस्था के सदस्यों ने निर्णय लिया है कि श्रद्धालुओं एवं व्यापारियों की विपरीत परिस्थितियों में संस्था उनके साथ खड़ी है संस्था द्वारा सभी के भोजन की व्यवस्था मेला समाप्त होने तक प्रतिदिन की जायेगी।

# वन कर्मियों पर फायरिंग करने वाला दूसरा वन तस्कर गिरफ्तार किया, अभी कई फरार

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**



गूलरभोज चौकी क्षेत्र पीपल पड़ाव जंगल में गश्ती वन कर्मियों पर फायरिंग करने में नामजद वन तस्करों में पुलिस दूसरा तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे में एक तमंचा और दो कारतूस बरामद किए। पुलिस एक तस्कर को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। अभी कई तस्कर फरार है। पुलिस उनकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है। गुरवार को पुलिस कार्यालय में

एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने घटना का खुलासा करते हुए बताया कि छह सितंबर की शाम तराई केंद्रीय वन प्रभाग पीपल पड़ाव क्षेत्र में सागौन के पेड़ काट रहे तस्करों ने वन विभाग की टीम पर फायरिंग कर दी थी। इस दौरान हुई मुठभेड़ में रेंजर रूप नारायण गौतम, फारेस्टर हीरा सिंह और आरक्षी कमल सिंह, शुभम शर्मा गोली लगने से घायल हो गए थे। पुलिस ने तस्कर संगत सिंह उर्फ संगी, गुरमीत सिंह उर्फ गेजी, सर्वजीत सिंह उर्फ छब्बी, संदीप सिंह और कुलदीप सिंह उर्फ किप्पी समेत छह-सात अन्य पर मुकदमा दर्ज तस्करों की तलाश शुरू कर दी। उन्होंने बताया कि आठ सितंबर को वन तस्कर गुरमीत सिंह उर्फ गेजी पुत्र टहल सिंह को गिरफ्तार कर लिया था। जबकि नामजद संगत सिंह, सर्वजीत सिंह उर्फ छब्बी, संदीप और कुलदीप सिंह की तलाश शुरू कर दी थी। देर रात पुलिस को सूचना मिली थी कि एक तस्कर हरिपुरा तिराहा मसीत से होते हुए कहीं जा रहा है। इस सूचना पर थानाध्यक्ष जसवीर सिंह चौहान,एसओजी काशीपुर प्रभारी प्रकाश चंद भट्ट, एसआइ मुकेश मिश्रा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। तस्कर पुलिस टीम को देख भाग रहे ग्राम मड़ैया हट्टू केलाखेड़ा निवासी सर्वजीत सिंह उर्फ छब्बी पुत्र छुवारा सिंह को पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ लिया। पुलिस ने उसके पास से एक तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद किए। एसएसपी ने बताया कि फरार चल रहे तीन नामजद समेत छह अन्य तस्करों की तलाश में जुट गई है।गिरफ्तारी के लिए संभावित जगहों पर दबिश दी जा रही है। एसएसपी ने बताया कि तस्कर कहीं भी छिपे हो पुलिस से बच नहीं सकते और गिरफ्तार कर तस्करों को उनकी जगह भेजा जाएगा। पुलिस टीम में बलवंत सिंह, दर्शन सिंह, पार्वती गोस्वामी के अलावा एसओजी से विनय कुमार, प्रदीप कुमार, कुलदीप सिंह, कैलाश तोमक्याल भी शामिल रहे।

# फिल्मी दुनिया

## सोनाक्षी ने पकाया सत्तू का पराठा, कहा– खुशिकस्मत हूं



*बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा ने एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि आजकल महिलाएं शादी के बाद खाना बनाने का दबाव नहीं महसूस करती, क्योंकि अब लोग समझते हैं कि उन्हें निजी कामों के अलावा पेशेवर काम भी संभालने पड़ते हैं। सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल हिंदी सिनेमा के मशहूर कपल हैं। सोशल मीडिया पर दोनों अक्सर एक दूसरे के प्रति प्यार जताते नजर आते हैं। इसके अलावा दोनों अक्सर चर्चाओं में भी बने रहते हैं। दोनों इस साल 23 जून को शादी के बंधन में बंध गए थे। इस बीच अभिनेत्री ने शादी के बाद के जीवन को लेकर बात की है। उन्होंने हाल में ही कहा कि आजलकल महिलाएं शादी के बाद खाना बनाने का दबाव महसूस नहीं करती हैं, क्योंकि लोग ये समझते हैं कि अब उन्हें निजी कामों के अलावा पेशेवर कामों को भी संभालना पड़ता है। अभिनेत्री ने गुरुवार को एक डिजिटल ट्रैवल कंपनी के प्रचार कार्यक्रम में बोल रही थीं। इस दौरान उन्होंने कहा, आज के समय में महिलाओं पर खाना बनाने का ऐसा कोई दबाव नहीं है, क्योंकि सभी जानते हैं कि महिलाओं की अपनी निजी और पेशेवर जिंदगी भी है। यह भी दिलचस्प बात है और मैं वास्तव में खुशकिस्मत हूं कि मुझ पर खाना बनाने का कोई दबाव नहीं है। मैं खाना बनाना भी चाहती हूं, तो यह इसलिए होगा क्योंकि मैं इसे करना चाहती हूं, मुझपर कोई दबाव नहीं होगा। सिन्हा एक डिजिटल ट्रैवल कंपनी के प्रचार कार्यक्रम में पहुंची थी। इस दौरान उनके साथ उनके पति इकबाल भी मौजूद थे। इस कार्यक्रम के दौरान अभिनेत्री ने सत्तू का पराठा पकाया।*

### सोनाक्षी का पसंदीदा व्यंजन

*सोनाक्षी ने आगे कहा कि भारतीय भोजन उनका पसंदीदा व्यंजन है। उन्होंने कहा, मैं आमतौर पर अपनी यादों को भोजन से जोड़ना पसंद करती हूं। मैं जब बड़ी हो रही थी, तो मैं बहुत यात्रा करती थी। हर छुट्टी पर हम दादी से मिलने जाते थे, जो पटना में रहती थीं। वह हमें हमें लिट्टी चोखा, सत्तू के पराठे जैसे बेहतरीन बिहारी भोजन खिलाती थीं। मैं वास्तव में उन चीजों के लिए अब काफी तरसती हूं। इस दौरान सोनाक्षी ने कहा कि छुट्टियां मनाने के लिए उनकी पसंदीदा जगह गोवा है।*

# पुरानी पेंशन बहाली के लिए प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

देवभूमि उत्तराखण्ड सफाई कर्मचारी संघ से जुड़े कर्मियों ने प्रशासन के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा है। उन्होंने पुरानी पेंशन बहाल की मांग की है। संघ से जुड़े कर्मियों ने सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी को सौंपे ज्ञापन में यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) लागू किये जाने पर आपत्ति जताते हुए इसका विरोध किया है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष राहत मसीह ने कहा कि इससे पूर्व केंद्र सरकार द्वारा नेशनल पेंशन स्कीम (एनपीएस) लागू की थी, इसका भी संघ ने विरोध किया। अब केंद्र सरकार यूपीएस लागू कर रही है जो कर्मचारियों के हित में नहीं। उन्होंने पुरानी पेंशन योजना को बहाल न किये जाने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

ज्ञापन सौंपने वालों में संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी अमरदीप, जय प्रकाश, विजय पाल, चौधरी दिनेश, चौधरी अशोक, प्रदेश संगठन मंत्री अमित कुमार, शाखा अध्यक्ष रवि चिंडालिया, उपाध्यक्ष विशाल, श्याम, मुकेश, रतन, चंदन, रामू भारती, राजेश भारती, विरेन्द्र, विजय, प्रमोद आदि शामिल थे।



# उत्तराखंड हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के चुनाव आज, तैयारियां पूरी

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

सरोवर नगरी मे उत्तराखंड हाईकोर्ट बार एसोसिएशन की चुनाव कार्यकारिणी ने सत्र 2024 - 25 के लिए शुक्रवार (आज) होंने जा रहे चुनाव की सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। शुक्रवार (आज) होने वाले चुनाव के लिए गुरुवार को हाईकोर्ट बार के सभागार में आम सभा आहूत की गई जिसमें बार एसोसिएशन के अध्यक्ष व महासचिव के उम्मीदवारों ने अधिवक्ताओं के पेशे में होने वाली दिक्कतों का समाधान करने हेतु अपने अपने विचार रखें और अपने पक्ष में बोट देने की अपील की। बता दें कि अध्यक्ष पद के लिए चुनावी मैदान में उतरे डी.एस. मेहता, विजय भट्ट और महासचिव पद के प्रत्याशी शक्ति प्रताप सिंह और वीरेंद्र सिंह रावत ने कहा कि उत्तराखंड उच्च न्यायालय में पड़े न्यायमूर्तियों के खाली पदों को भरने, रोस्टर प्रणाली ठीक तरह से लागू कराने, अधिवक्ताओं के चैम्बर को सुविधायुक्त बनाने के साथ ही जूनियर अधिवक्ताओं को स्टाई फंड की व्यवस्था और 65 वर्ष से अधिक उम्र के अधिवक्ताओं को झारखंड प्रदेश की भांति उन्हें पेंशन देने की सुविधा देना उनकी प्राथमिकता होगी।



मुख्य चुनाव अधिकारी बिरेंद्र सिंह अधिकारी ने बताया कि मतदाता शुक्रवार (आज) प्रात 9 से सायं 4 बजे तक अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे, उसके बाद मतगणना होगी। गुरुवार को भी मतदाताओं को अग्रिम मतदान की भी सुविधा दी गई जिसमे 51 मतदाताओं ने मतदान किया। इस बार करीब 1200 सदस्य अपना मताधिकार का उपयोग करेंगे। अन्य वर्षों की भांति अध्यक्ष और महासचिव पद के लिए दो-दो प्रत्याशियों ने नामांकन कराया है ऐसे में इन पदों पर कांटे का मुकाबला होने की पूरी संभावना है। जबकि महिला उपाध्यक्ष पद के लिए त्रिकोणीय मुकाबला होगा। कार्यकारिणी के अन्य पदों पर चुनाव होना है जिसमें वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद हेतु प्रेम कौशल एवं रजत मित्तल, कनिष्ठ उपाध्यक्ष सामान्य पद हेतु आनन्द सिंह मेर, गौरव काण्डपाल तथा कनिष्ठ उपाध्यक्ष महिला पद हेतु मधु नेगी सामन्त, नीलिमा मिश्रा एवं रीता सक्सेना जबकि उपसचिव प्रशासन हेतु बिलाल अहमद एवं कुंदन सिंह वहीं कोषाध्यक्ष पद हेतु मोहित कुमार एवं संजय कुमार, लाईब्रेरियन पद हेतु हिमाशु राठौर व प्रभाकर नारायण वहीं कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य के चार पद हेतु तेजस अग्रवाल, आयुष गौड़, महबूब राही व ध्रुव चन्द्र, प्रेम प्रकाश भट्ट तथा ममता आर्या एवं कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य महिला के एक पद हेतु उन्नति पतं, सुखबानी सिंह व स्वलेहा हुसैन सना के बीच मुकाबला होगा। चुनाव को सफल बनाने में अंजली भार्गव, राजेश शर्मा, गंगा सिंह नेगी, राजेश जोशी, प्रमोद बेलवाल, राजकुमार सिंह, नरेन्द्र बाली, गोपाल के0 वर्मा, विनोद तिवारी, विशाल सिंह मेहरा, शिवानन्द भट्ट, निरंजन भट्ट, मीना बिष्ट पचोलिया, ममता जोशी, करन आनन्द, बीएस रावत, अकरम परवेज ,पकंज कपिल, दीपा आर्या, शीतल सेलवाल, श्वेता बडौला डोभाल, शिवम राणा, सिद्धार्थ सिंह नेगी, अमनजोत सिंह चडडा, अविदित नौलियाल, रजनी सुप्याल लटवाल, गरिमा थापा, सैययद काशिफ जाफ री, वन्दना सिंह, अंकुश कुमार त्यागी ने सहयोग किया। बार के सभी सदस्य मतगणना को लाइव देखने के लिए बार की बेबसाइट पर लिंक करके देख सकते हैं।

## News कॉर्नर

### पहाड़ी से पत्थर गिरा, टैक्सी बुरी तरह क्षतिग्रस्त

**नैनीताल।** भवाली-अल्मोडा राष्ट्रीय राजमार्ग में गुरुवार की सुबह करीब पांच बजे हल्द्वानी से अल्मोड़ा की ओर जा रही टैक्सी के ऊपर पहाड़ी से पत्थर गिर गया। पत्थर से टैक्सी का शीशा और बोनट पूरी तरह से चकना चूर हो गया। टैक्सी में सवार 4 लोगों में चीखपुकार मच गई। गनीमत ये रही कि टैक्सी में सवार किसी भी यात्रियों को चोट नहीं आई। जानकारी के अनुसार पाडली के पास बारिश के दौरान पहाड़ी से अचानक पत्थर गिरने लगे। इसी दौरान अल्मोड़ा की ओर जा रही टैक्सी में एक बड़ा पत्थर गिरा और टैक्सी का शीशा और बोनट क्षतिग्रस्त हो गए इस घटना में टैक्सी मे सवार यात्री बाल बाल बच गए।

### स्कूल परिसर में रहने वाले छात्र-छात्राओं को अवकाश लागू नहीं

**नैनीताल।** लगातार हो रही बारिश की वजह से जिला प्रशासन की ओर से फिर शुक्रवार (आज) को कक्षा 1 से लेकर 12वीं तक के सभी सरकारी व निजी स्कूलों व आगनबाडी केंद्रों में अवकाश घोषित कर दिया गया है। अपर जिला मजिस्ट्रेट की ओर से जारी सूचना में कहा गया है कि जिले के ऐसे छात्र-छात्राएं जो स्कूल परिसर में स्थित छात्रावासों में रहते हैं यह अवकाश लागू नहीं होगा।

### भवन की दीवार का हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त

**नैनीताल।** लगातार हो रही बारिश की वजह से मल्लीताल स्थित शेरवानी क्षेत्र में भंडारी भवन की दीवार का एक हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त होने की वजह से वहां के परिवारों को खतरा बना हुआ है। क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता भूपेंद्र सिंह बिष्ट ने जिला प्रशासन से आपदा मद में शीघ्र ही क्षतिग्रस्त दीवार को ठीक करने की गुजारिश की है। सूचना पर जिला प्रशासन की टीम ने प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर जायजा लिया।

# 24 घंटे से हो रही बारिश की से नैनी झील का जलस्तर 11 फीट 2 इंच बढ़ा

**नैनीताल/रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

बीते 24 घंटे से लगातार हो रही बारिश की वजह से जिला मुख्यालय नैनीताल समेत पूरे नैनीताल जिले में बारिश ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी हैं। जिला आपतकालीन परिचालन केंद्र नैनीताल से मिली जानकारी के मुताबिक गुरुवार की शाम को केंद्र में बारिश की वजह से जगह-जगह पर आए मलबे व पत्थर तथा भूस्खलन होने की वजह से जिले के 20 मोटर मार्ग पूरी तरह से बंद हो गए हैं। दूसरी ओर नैनीताल में बारिश से जीवनदायिनी नैनी झील भी लबालब भर चुकी है झील का जलस्तर 11 फीट 2 इंच हो गया है। झील नियंत्रण कक्ष के प्रभारी रमेश सिंह गैड़ा के मुताबिक झील के दोनों निकासी गेटों से 18 इंच पानी की निकासी की जा रही है। 24 घंटे के भीतर करीब 125 मिलीमीटर बारिश रिकार्ड की गयी है वहीं जनवरी से लेकर आज तक 1550 मिलीमीटर बारिश हो चुकी है। जिले में जो



मोटर मार्ग बारिश की वजह से बंद हो गए हैं उनमें क्रमशत्तल्ली सेठी-बेतालघाट-रामनगर, गर्जिया-बेतालघाट-खैरना-सुयालबाड़ी,भुजान-बेतालघाट, डोला न्याय पंचायत, देवीपुरा-सौड,, फतेहपुर-पीपल अडिया,फतेहपुर-बेल मोटर मार्ग, बिनकोट-चंद्रकोट, नौना-व्यासी, रोपा मोटर मार्ग, बानना- बासा-जंगलियागांव,कोटाबाग-देबीपुरा, ओखलकांडा-तल्ला कनाला, देवीपुरा- सौड़, भंडारपानी-पाटकोट, भीड़ापानी-महतौली, वलना-बलना, कसियालेख-सूपी, खनस्यू-टांडा मोटर मार्ग तथा नाई-भुमका मोटर मार्ग शामिल हैं।

### रुद्रपुर में भारी बारिश से बिजली के पोल गिरे

**रुद्रपुर।** जनपद में लगातार हो रही भारी वर्षा के चलते कई स्थानों पर पेड़ों के साथ ही विद्युत पोल गिर जाने से जहां विद्युत आपूर्ति पूरी तरह से बाधित हो गई है तो वहीं देर तक यातायात भी बाधित रहा। बीती रात किच्छा बाई पास रोड से गंगापुर जाने वाले मार्ग पर वर्षा के साथ चल रही तेज हवाओं के बीच एक पेड़ उखड़कर सड़क पर गिर गया। उसके साथ ही समीप स्थित विद्युल पोल भी सड़क पर आ गिरा। हालांकि इस दौरान वहां कोई मौजूद नहीं था जिससे एक बड़ी घटना होने से बच गई। लेकिन यातायात बाधित हो जाने और विद्युत आपूर्ति भंग हो जाने से लोगों की परेशानियां बढ़ गईं। इसके अलावा नगर व ग्रामीण क्षेत्रें में भी कई स्थानों पर भी पेड़ गिरे हैं।

# मूसलाधार बारिश से मकान और आंगन में मलबा भरा

**धारी**

हमारे संवाददाता

लगातार हो रही तीन दिन से मूसलाधार बारिश के कारण ग्राम पंचायत देवनगर के खड़ी रैला में महेश चंद्र दानी पुत्र देवी दत्त दानी के मकान और आंगन में अत्यधिक मात्रा में पहाड़ी टूट जाने के कारण मलवा भर गया है मौसम के खतरे को देखते हुए ग्राम प्रधान बसंती तिवारी द्वारा एवं ग्राम वासियों के सहयोग से परिवार को सकुशल प्राइमरी विद्यालय सैकिंजाला में शिफ्ट कर दिया गया है एवं जिसकी सूचना पट्टी पटवारी अमित शाह एवं आपदा कंट्रोल रूम धारी में दे दी गई है प्रशासन को तत्काल कार्यवाही एवं परिवार की स्थिति का तुरंत आकलन करने हेतु ग्राम प्रधान बसंती तिवारी द्वारा पटवारी को सूचित कर दिया गया है।



# श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में सुगंध दशमी का पर्व मनाया



**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में विगत 5 दिन से चल रहे पर्युषण पर्व के पावन अवसर पर छठवे दिवस उत्तम संयम के दिन मंदिर जी में प्रात: देवाधिदेव श्री 1008 आदिनाथ भगवान के मस्तक पर अभिषेक और शांतिधारा की गई और सुगंध दशमी के अवसर पर शीतलनाथ भगवान की विशेष पूजन अर्चन की गई। भैया जी ने बताया कि शीतलनाथ भगवान शीतलता को प्रदान करने वाले हैं और यह पर्व अपने में विशेष स्थान रखता है तत्पश्चात श्री जी को अर्घ समर्पित किये गये और मंदिर जी में धूप खेकर और कथावाचन करके सुगंध दशमी का पर्व मनाया गया सांगानेर जयपुर से पधारे विद्वत श्री कुशाल जी जैन शास्त्री ने सायं कालीन प्रवचन में बताया कि आज उत्तम संयम के दिन हमें अपनी इंद्रियों को वश में करना है क्योंकि इंद्रियों को वश में किये बिना हम अपने जीवन को संतुष्ट नहीं कर सकते आज का दिवस हमें नियम लेने को प्रेरित करता है क्योकी नियम के प्रभाव से एक भील भी भगवान महावीर का जीव बन जाता है भैया जी ने बताया की जैसे बीना ब्रेक की गाड़ी चलाना हानिकारक है उसी प्रकार संयम के बिना जीवन चलाना पशुओ के समान होना है और आज के प्रवचन का मुख्य विषय भैया जी ने आचार्य विद्यासागर जी महाराज के जीवन को सबके सम्मुख रखा।

### बल्दियाखान के समीप बना नया भूस्खलन जोन

**नैनीताल।** नैनीताल- हल्द्वानी रोड में बल्दियाखान के समीप एक नया भूस्खलन जोन बन गया है। बुधवार रात से गुरुवार की शाम तक भारी बारिश के दौरान भारी मात्रा में पहाड़ी से मलबा व बोल्डर सडक़ में गिरे हैं जिसे जेसीबी से हटाया जा रहा है। एनएच के एई प्रमोद सुयाल ने बताया कि नए क्षेत्र में भूस्खलन की सूचना के बाद दो जेसीबी मलबा साफ करने में लगाई गई हैं। नैनागांव व ताकुला के समीप मलबा हटाया जा रहा है। बल्दियाखान के समीप भूस्खलन में भी नजर रखी जा रही है।

# मुक्तेश्वर में किसानों को कक्कुट पालन में चूज़ा वितरित किये

**धारी**

हमारे संवाददाता

आईवीआरआई मुक्तेश्वर में अनुसूचित जाति उपयोजना के अंतर्गत एक दिवसीय किसान गोष्ठी एवं कुक्कुट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विकासखण्ड रामगढ़ के ग्राम दाड़िमा व जसपुर गांव के 50 किसानों ने प्रतिभाग किया।

इस अवसर पर आई. वी. आर. आई., मुक्तेश्वर के संयुक्त निदेशक, डॉ. वाई. पी. एस. मालिक ने किसान प्रतिभागियों का मार्गदर्शन करते हुए किसानों को पर्वतीय क्षेत्रों में बक्यार्ड मुर्गी पालन के महत्व से अवगत कराया। साथ ही उन्होंने पशुपालकों को अधिक आय हेतु वैज्ञानिक विधि से मुर्गी पालन करने पर जोर दिया। इस कार्यक्रम में डॉ. नितीश सिंह खड़ायत, डॉ. अमोल गुरव तथा डॉ. आशुतोष फुलार ने अपने व्याखनों तथा विधि प्रदर्शन के माध्यम से वैज्ञानिक तरीक़ों से मुर्गी पालन के प्रबंधनों जैसे कि पोषण, आवास, स्वास्थ्य तथा उत्पादन सम्बंधित प्रबंधनों की जानकारी पशुपालकों से साझा की। कार्यक्रम के अंत में सभी पशुपालकों को कुल मिलाकर 1200 चूज़े बाँटे गये। इसके साथ-साथ पशुपालकों को मुर्गियों का दाना, चूना, फ़ीडर, ड्रिंकर तथा फ़ीड सप्लेमेंट्स भी बाँटे गये। कार्यक्रम का समन्वयन डॉ. नितीश सिंह खड़ायत (वैज्ञानिक), डॉ. मधुसूदन ए0 पी0 (वैज्ञानिक) एवं डॉ. आशुतोष फुलार (वैज्ञानिक) द्वारा किया गया। डॉ. अमोल गुरव ने बताया पूर्व में भी आई. वी. आर. आई. संस्थान द्वारा अनुसूचित जाति की आजीविका बढ़ाने हेतु विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जाते रहे हैं और आगे भी संस्थान इस दिशा में कार्यरत रहेगा। स्वरोजगार व आत्मनिर्भर बनाने के लिये किसानों को जोडा़ जा रहा है ।

# एएनटीएफ ने यूपी के दो नशा तस्करों को गिरफ्तार किया

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

जनपद में नशे के सौदागरों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एएनटीएफ टीम ने चैकिंग के दौरान यूपी के दो नशा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से प्रतिबंधित नशीले इंजेक्शन की खेप बरामद की।

एएनटीएफ यूनिट प्रभारी कौशल भाकुनी के नेतृत्व में टीम में शामिल कांस्टेबल विनोद खत्री, गणेश पांडे गुरुवार की रात शान्ति व्यवस्था,मादक पदार्थ की रोकथाम के लिए क्षेत्र में चैकिंग के लिए निकले। रामपुर नैनीताल रोड ब्लाक के रोड कट पर चैकिंग कर रहे थे। इसी दौरान बाईक पर सवार दो व्यक्ति बिना हैल्मड पहने रामपुर की तरफ से आते दिखायी दिए। पुलिस की




चैकिंग देख बाईक सवार बाईक मोड़ कर भागने का प्रयास करने लगे। पुलिस को संदेह हुआ और घेराबंदी व आवश्यक बल प्रयोग कर दोनो को पकड लिया। पुलिस ने भागने का कारण पूछा तो बोले कागजात न होने के कारण भाग रहे थे। तलाशी लेने पर दोनों के कब्जे से इंजेक्शन बरामद हुए। जो प्रतिबंधित है। पूछताछ में बाईक चलाने वाले ने अपना नाम इरशाद अहमद पुत्र रईश अहमद निवासी गोदी थाना खजूरिया जिला रामपुर यूपी साईकिल मे नम्बर प्लेट नही है तथा कागजात भी नही है मोटर साईकिल के सम्बन्ध मे पूछा तो स्वयं के जीजा जाकिर निवासी गोदी थाना खजूरिया जिला रामपुर उत्तर प्रदेश और दूसरे ने वकील पुत्र अकील अहमद निवासी ग्राम गोदी थाना खजूरिया रामपुर यूपी बताया।

पुलिस के मुताबिक पूछताछ में दोनों ने बताया कि बाईक उनकी नहीं है, रिश्तेदार की है। सम्भव नही है। गोदी निवासी मोनिश नाम के व्यक्ति से माल लाने की बात कबूल की। वहां से खरीद कर रुद्रपुर में नशेड़ियों को बेचने की भी बात बताई। कोतवाली में दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर बाईक सीज कर दी गई है। पुलिस जेल भेजने की कार्रवाई कर रही। एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने बताया कि नशे के सौदागरों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है।